इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में लीजिए मात्र 1 लाख 33 हजार में 20 बॉय 50 का प्लॉट

निगम ने भूखंड की बिक्री शुरू की, 15 फरवरी से लगेगा विक्रम व्यापार मेला, वाहनों की खरीदी पर मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

उज्जैन। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में प्लाट लेने वाले को भी फायदा होगा और जो इस परिसर में आएगा, खरीदी करेगा उसे भी 50 प्रतिशत का फायदा होगा। जी हां आपने सही समझा, इस बार फिर विक्रम व्यापार मेला लगाए जाने की तैयारी शुरू हो गई है और 15 फरवरी से 29 मार्च तक इंजीनियरिंग कॉलेज पर यह अनूठा मेला शुरू हो जाएगा।

प्रतिवर्ष लगने वाला विक्रम व्यापार मेला इस वर्ष भी भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। मेला इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में लगेगा, जहां फोर व्हीलर-व्हीलर ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेकोरेटिव आइटम, फूड झोन, जनरल मर्चेंट, बेकिंग कार्य और आरटीओ से जुड़ी विभिन्न दुकानों के लिए अस्थायी

भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे।

नगर निगम ने साफ किया है कि एक व्यक्ति या एक फर्म को अधिकतम दो ही भूखंड आवंटित किए जाएंगे। यदि किसी को एक या दो प्लॉट मिल जाते हैं तो बार-बार आवेदन मान्य नहीं होगा। विद्युत कनेक्शन और नल कनेक्शन आवंटनधारी को स्वयं अलग से लेना होगा। मेले में प्रतिबंधित सामग्री पर सख्ती रहेगी। प्लास्टिक की डंडिया , झंडे, स्टीकर, थर्माकोल सजावट, प्लास्टिक की प्लेट, कप, गिलास, चम्मच, चाकू, 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक और पीवीसी बैनर सहित अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र के लिए अनुमति अनिवार्य होगी और तय सीमा से अधिक आवाज पर सामग्री जब्त कर भूखंड निरस्त किया जा सकता है। जो इच्छुक व्यापारी हैं, वे एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। प्लॉट नंबर, साइज, राशि और अन्य शर्तों की पूरी जानकारी नगर निगम कार्यालय और वेबसाइट पर उपलब्ध है। कुल मिलाकर, विक्रम व्यापार मेला इस बार भी व्यापार, छूट और सख्त नियमों के संतुलन के साथ शहर को एक बड़ा कारोबारी मंच देने जा रहा है।

ऑनलाइन आवेदन शुरू-वेबसाइट पर नियम

नवभारत से चर्चा में प्रभारी आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि मेला अवधि के लिए इन प्लॉट्स की ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर निविदा आवेदन 29 जनवरी को सुबह 10 बजे तक ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे जबकि ,उसी दिन सुबह 11.15 बजे निविदाएं खोली जाएंगी। इच्छुक व्यवसायी, फर्म या कंपनी नगर निगम की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत नियम व शर्तें देख सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया नगर निगम प्रभारी आयुक्त संतोष टैगोर के मार्गदर्शन में संपन्न की जा रही है। विक्रम व्यापार मेले में इस बार 50 प्रतिशत तक की छूट दिए जाने की भी तैयारी है। जिस तरह ग्वालियर मेले में कैबिनेट बैठक के निर्णय के बाद छूट दी गई थी, उसी तर्ज पर उज्जैन में भी व्यापारियों को राहत मिल गई है। न्यूनतम 1000 वर्गफीट का प्लॉट दिया जाएगा। अधिकतर भूखंड 50 बॉय 20 फीट के रखे गए हैं, जिनकी न्यूनतम आरक्षित राशि 13 लाख 30 हजार रुपये तय की गई है। इसके अलावा 30 हजार रुपये जमानत राशि और 1000 रुपये आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश

उज्जैन। जहरीली शराब लेकर आ रहे व्यक्ति की सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की ओर उसे हिरासत में लिया और अपराधिक रिकॉर्ड खंगाला फरार इनामी बदमाश होना सामने आया।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति काले रंग की जैकेट पहने, हाथ में पीले रंग की प्लास्टिक केन लिए हुए नौलखी बीड के सामने जैवंतपुरखेड़ा मार्ग पर हाथ भट्टी की बनी कच्ची जहरीली शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और बताए गए हुलिए के व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश उर्फ जटा पिता पवन प्रजापत 25 वर्ष, निवासी ग्राम नवांखेड़ा, इंदौर रोड, नानाखेड़ा बताया। उसके पास से केन में भरी आज भट्टी पर बनी 5 लीटर जहरीली शराब बरामद की गई। थाने लाकर मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया और आपराधिक रिकॉर्ड देखे गए। इस दौरान सामने है कि उक्त आरोपी बदमाश प्रगति का है और देवास के थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास का फरार आरोपी है। उसके खिलाफ 10000 का इनाम भी घोषित है। पंवासा थाना पुलिस में देवास गेट को फरार इनामी

बदमाश के हिरासत में आने की जानकारी दी। देवास गेट पुलिस ने बदमाश की फॉर्मल गिरफ्तारी ली है। वहीं पंवासा पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से जेल भेजा गया है। देवास गेट पुलिस अपने यहां दर्ज अपराध के मामले में बदमाश का प्रोटेक्शन वारंट जारी कराकर पूछताछ के लिए जेल से लेकर आएगी।

10 साल की मासूम से किया गंदा काम

उज्जैन। रिश्तों को शर्मसार करने का मामला बुधवार को सामने आया। 10 साल की मासूम के साथ रिश्तेदार द्वारा दरिंदगी की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दरिंदे की तलाश शुरू की है, जो फरार होना सामने आया है। घटना तराना तहसील की है। 10 साल की मासूम अपने रिश्तेदार की बेटी के साथ खेलने गई थी। उसी दौरान रिश्तेदार मासूम को बहला-फुसलाकर घर में ले गया और उसके साथ गलत काम किया। उसने मासूम को धमकाया और चला गया। मासूम के परिजनों को घटना का पता चला तो हंगामा खड़ा हो गया। वह विवाद करने रिश्तेदार के यहां पहुंच गये, लेकिन वह भाग चुका था। घटनाक्रम की शिकायत से की गई। पुलिस मासूम को परीक्षण के लिये उज्जैन लेकर पहुंची, जिसमें गलत काम होना सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि आरोपी की तलाश में 3 टीम गठित की गई है। उसके सभी ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। परिजनों से भी पूछताछ कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

सिंहस्थ मेला अधिकारी और कलेक्टर ने नवीन सेतुओं के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

उज्जैन। सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्मित किए जा रहे सेतुओं का स्थल निरीक्षण किया। सिंहस्थ मेला अधिकारी सिंह ने निर्देश दिए कि सेतु निर्माण कार्य समय सीमा में और निर्धारित मापदंड के अनुसार करें ।निरीक्षण की शुरुआत मां गढ़कालिका से श्री काल भैरव मंदिर मार्ग पर निर्मित होने वाले समांतर पुल से हुई। पुल में 66 पाइल और 10 पियर रहेंगे। साथ ही पुल के दोनों और हाई मास्ट की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर ने उक्त सेतु पर खुदाई का कार्य दूसरी और भी शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण सेतु के ई ई पीएस पंत ने जानकारी दी कि उक्त सेतु में आगामी जुलाई 2026 तक स्लैब और फरवरी 2026 के अंत तक पाइल का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके बाद भैरवगढ़ से पीपलीनाका मार्ग पर समांतर नवीन सेतु निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उक्त सेतु में 5 पियर रहेंगे। उक्त सेतु के पाइल का कार्य प्रगतिरत है। लोक निर्माण सेतु के अधिकारी ने जानकारी दी कि दिसंबर 2026 तक इस कार्य के पूर्ण होने की संभावना है। इसके पश्चात श्री सिद्धवट से श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर तक नवीन निर्मित होने वाले ब्रिज के कार्य का निरीक्षण कर सिंहस्थ मेला अधिकारी सिंह ने निर्देश दिए कि पाइल का कार्य जल्द शुरू किया जाए। यहां पर खुदाई का कार्य प्रगतिरत है।

चक्रतीर्थ विकास योजना के अंतर्गत विकास कार्य जारी

उज्जैन। चक्रतीर्थ पर आने वाले नागरिकों को सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा महापौर मद से 1 करोड़ राशि के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य संपन्न किए जा चुके हैं। जिसमें 74 लख रुपए की राशि से 80 मीटर लंबे स्पेशल डोम फैब्रिक शेड का निर्माण एवं चक्रतीर्थ दाह संस्कार स्थल पर 30 लाख से अधिक विकास कार्य एवं सौंदर्य करण किया जा रहा है। महापौर मुकेश टटवाल ने चक्रतीर्थ सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। चक्रतीर्थ अंत्येष्टि के पश्चात शोकसभा स्थल पर रंगाई पुताई के साथ गीता के सार स्लोगन एवं चलित एलईडी के माध्यम से आध्यात्मिक स्लाइड शो का प्रदर्शन विद साउंड सिस्टम किया जाएगा। साथ ही नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 50 से अधिक स्टील चेयर, उद्यान में नवीन फाउंटेन वाटर कूलर प्याऊ एवं स्नान घर शौचालय की सुविधा सभी को प्राप्त होगी दाहसंस्कार स्थल पर नवीन चद्दर शेड, ओटलों का निर्माण चित्रकारी के माध्यम से यम एवं सुदर्शन चक्र भगवान शंकर आदि स्वच्छता स्लोगन की मनोहारी आकृति विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं। अवलोकन में उप यंत्री प्रवीण वाडिया मौजूद रहे।

बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे पिता की सड़क दुर्घटना में मौत

उज्जैन। गुरुवार सुबह बाइक से बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे पिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बेटी घायल हुई है।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना में शामिल वाहन की तलाश शुरू की है जो मौके से भाग निकला था। केडी गेट पर रहने वाला बेराम खान पिता आलम खान 45 वर्ष सुबह अंबोदिया स्थित स्काई पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली बेटी आलिया को छोड़ने जा रहे थे। धरमबड़ला के समीप तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक अनियंत्रित हो गई। बेराम गंभीर रूप से घायल हो गए। बेटी आलिया को भी चोट लगी थी। लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने बेराम को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी लगते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। बेटी आलिया कक्षा 9वीं की छात्रा है। जिसे उपचार के लिए भर्ती किया गया है। पुलिस को मिली तो मर्ग कायम किया गया और मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक अपना वाहन लेकर भाग निकला है। जिसकी तलाश में मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज देखे जाएंगे।

बाइक को टक्कर मारने के बाद खंती में गिरी कार, एक की मौत

उज्जैन। विजयागंजमंडी चौराहा पर गुरुवार सुबह बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हुई कार खंती में जा गिरी। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। कार चालक घायल हुआ है। विजयागंज मंडी के भेसुनी गांव में रहने वाला मुकेश पिता देवीलाल शर्मा 50 वर्ष बाइक से दूध लेने के लिए घर से निकला था। चौराहे पर पहुंचते ही देवास की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना होते ही बाइक चालक गंभीर घायल हो गया वहीं कार अनियंत्रित होने के बाद खंती में जा गिरी। घटनाक्रम देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाइक चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था जिसे अस्पताल पहुंचाया गया वहीं खंती में गिरी कार की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को निकालने के प्रयास शुरू किए। इस दौरान उसमें चालक विष्णु पिता रतनलाल मालवीय 43 वर्ष निवासी विजयागंज मंडी घायल होना सामने आया। सबसे पहले उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया। घायल से पूछताछ में सामने आया कि वह प्रॉपर्टी का काम करता है। देवास से लौट रहा था। उसी दौरान कार के सामने घोड़ा आ गया। जिसे बचाने के लिए उसने कार को साइड में किया उसी दौरान सामने से तेज गति में आया बाइक सवार टकराया गया। पुलिस ने बाइक सवार की मौत होने पर मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दुर्घटना की जांच शुरू की है।

इधर मक्सी रोड पर दुर्घटना

बुधवार-गुरुवार रात मक्सी रोड पर ताजपुर और उज्जैन के बीच बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को दो लोग अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन मेन गेट पर ही छोड़कर भाग निकले। घायल की मौत हो चुकी थी। अस्पताल स्टॉफ ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस चरक अस्पताल पहुंची। मृतक के पास से आधार कार्ड मिला जिससे उसकी पहचान कैलाश पिता रामलाल भाटी 55 साल निवासी अमृत नगर पंवासा के रूप में हुई। दुर्घटना का पता चलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पंवासा पुलिस दुर्घटना का पता लगाने के लिए निकली। इस दौरान हरसोदन से आगे क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी मिली। पुलिस ने दुर्घटना में वृद्ध की मौत होने का मामला दर्जकर पोस्टमार्टम कराया है।

अब सभी के लिए एआई कोर्स उपलब्ध

उज्जैन। आईआईटी मद्रास से हिन्दी में सभी के लिए एआई कोर्स उपलब्ध संस्थान के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म स्वयं प्लस पर लॉन्च किए गए यह कोर्स अब हिन्दी में उपलब्ध हैं। नि:शुल्क एआई कोर्स जैसे एआई फॉर एजुकेटर्स, एआई इन फ़िज़िक्स, एआई इन केमिस्ट्री, एआई इन अकाउंटिंग, क्रिकेट एनालिटिक्स विद एआई, एआई, एमएल यूजिंग पायथन- इनके लिए एआई या कोडिंग का पूर्व ज्ञान ज़रूरी नहीं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के मार्गदर्शन में कार्यरत डिजिटल लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म स्वयं प्लस की अग्रणी पहल सभी के लिए एआई अब हिन्दी में उपलब्ध है। पूरे देश के लोग अब अपनी पसंद की भाषा में संस्थान के 6 नि:शुल्क ऑनलाइन कोर्स कर पाएंगे। आईआईटी मद्रास इकोसिस्टम के विशेषज्ञों ने शिक्षा और उद्योग जगत के अपने व्यापक अनुभवों से यह सभी कोर्स तैयार किए हैं। 26 जनवरी 2026 तक सभी छह कोर्स में रजिस्टर करने का लिंक यह है। उम्मीदवार संशय दूर करने या कॉलबैक के लिए pmu-sp@swayamw.ac.in पर लिख सकते हैं।

एक नजर में

भाविप के स्वास्थ्य शिविर में 450 लाभांवित

उज्जैन। स्थानीय बड़नगर रोड स्थित आश्रम में भारत विकास परिषद विक्रमादित्य एवं महाकाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 74वें स्वास्थ्य शिविर में 450 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण कर दवाइयां भी दी गई। महामंडलेश्वर वैराग्यानंद गिरी एवं कृष्ण गिरी महाराज के पावन सानिध्य एवं वेदा हॉस्पिटल डॉयरेक्टर डॉ. समन्वय गोकुलदास के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था संरक्षक भगवान शर्मा ने की। अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नीलेश शर्मा व दीपक राजवानी थे। वेदा हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस शिविर के संयोजक सुभाष पाठक, अजय जोशी कुंडवाला एवं मैनेजर दीपेश शर्मा ने बताया कि संस्था सचिव डॉ. विशाल पाटीदार सहित डॉ. सोनू पाटीदार यूरोलॉजिस्ट, डॉ. नीलेश पाटीदार, डॉ. विकास भालेकर, डॉ. दिनकर सप्रे, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. सुनील नागर, डॉ.आभा जैन, डॉ.अर्चिता सिंह, श्रेयांश सिजेरिया, देवयानी सिंधल, विनीता परमार, जी. व्यास, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. जितेंद्र शर्मा, डॉ. राहुल नागर, सागर सक्सेना, तरुण शितोले, अंशुल कोठालकर, अभिषेक पाटीदार, गिरीश पाठक, संजीव आचार्य का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन विशाल पाटीदार ने किया व आभार एवं सुभाष पाठक ने माना।

बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम

महिदपुर। शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना ने की। मुख्य वक्ता डॉ. रीना अध्वर्यु ने अपने व्याख्यान में बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है जो न केवल बच्चों के बचपन को छीन लेती है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालती है। इसके विरुद्ध जन जागरूकता पैदा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. जाकिर उद्दीन अहिंगर ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नैना तिवारी ने सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने बाल विवाह के विरुद्ध जन जागरूकता के लिए शपथ ग्रहण करवाई तथा बाल विवाह निषेध विषय पर कई प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के माध्यम से आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ. प्रभाकर मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार माहौर, डॉ. घनश्याम सिंह, श्री राम हरसोरा, आयुषी नेहे, डॉ. शालिनी विजयवर्गीय, मोनिका बैरागी, राधा वर्मा, डॉ. नानूराम मुवेल, डॉ. सपना पटेल, हुमेरा खान सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बंटवारा संपत्ति का नहीं विपत्ति का होना चाहिए

घटिया। किसी घर में जब भी बटवारा हो तो भाई भाई की संपत्ति का नहीं बल्कि बंटवारा तो भाई भाई की विपत्ति का होना है। जहां यह भाव आ जाता है वही बैकुंठ है। जिस प्रकार भरत मिलाप के दौरान प्रभु राम व भरत द्वारा राज्य का त्याग करने व भरत द्वारा भगवान की चरण पादुका को सिंहासन पर विराजित की वैसे ही हमें आपस में भाई भाई एकता से रहना चाहिए। उक्त उद्गार चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में कथा व्यास पं. राजेश्वर महाराज बड़नगर वाले ने भरत मिलाप की करुण रस की कथा सुनाते हुए कही। व्यास पीठ पूजन व आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

शासकीय स्कूल में टॉर्च रैली का स्वागत

घटिया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विभिन्न जिलों में टॉर्च रैली अंतर्गत उज्जैन जिले से आगर जिले तक निकल रही टॉर्च रैली का गुरुवार को खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत विकासखंड घट्टिया के शासकीय मॉडल स्कूल में स्वागत किया गया। रैली में मुख्य अतिथि शिवकुमार तोमर, तोसिफ खान का स्वागत मॉडल स्कूल प्राचार्य अनिल कैन ने किया। साथ ही खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत विकासखंड घट्टिया की कबड्डी टीम की बालिका नीतू मंडलोई व रचना कछावा का स्वागत किया गया। संचालन बलवीर सिंह पंवार ने किया । कार्यक्रम में राहुल देव शर्मा, कमल मालवीय, अंतिम बाली, राकेश कछावा, पृथ्वीराज सिंह, गोविन्द मालवीय, जयश्री गोयल, रीना सेन, साधना खराड़ी, मंजुला रावत, निशा शर्मा, चेतना वैद, सीमा निहाले, सुषमा महेर, श्वेता हीरावत, नीतू श्रीवास्तव, पूजा चौरसिया सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों का संभाग स्तरीय स्पर्धा में चयन

घटिया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स अंतर्गत निर्मल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का वॉलीबॉल और कबड्डी में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ। खिलाड़ी अर्पित पाटीदार, अनमोल पाटीदार, राशि पवार, रितु राठौर, मयंक प्रजापत, लक्कीराज सिंह सोलंकी का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय खेल शिक्षिका नवरत्न राठौर ने बताया कि संभाग स्तरीय वॉलीबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता 23 जनवरी को देवास व उज्जैन में आयोजित होगी। खिलाड़ियों की उपलब्धि विद्यालय अध्यक्ष वीर सिंह राणा, डायरेक्टर पवन तंवर, प्राचार्य अभिलाषा चतुर्वेदी, उप्राचार्य विशाल शर्मा, मोहन पडेरिया ने हर्ष व्यक्त किया।

शिप्रा के गऊघाट पर किया श्रमदान

उज्जैन। ग्रामोदय से अभ्युदय के अंतर्गत कार्यक्रम ग्राम और वार्डों में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नव अंकुर संस्थान देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस संदर्भ में शिप्रा नदी गऊघाट पर श्रमदान किया गया एवं वहां पर निर्मलिया और फूल विसर्जित करने वाले दर्शनार्थियों को रोको टोको अभियान के तहत उन्हें समझाया की फूल एवं पूजन सामग्री नदी में विसर्जित ना करें। संस्था के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग से आलोक शर्मा ने सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष करुणा शितोले, छवि कदम, अमृता चतुर्वेदी, पूनम मालवीय, टीना अहिरवार, कोमल, चंचल, करिश्मा माली, खुशी माली, चांदनी, देविका, चित्रांशी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों ने लाठी प्रदर्शन किया गया।

श्री रामचरितमानस पारायण समारोह संपन्न

उज्जैन। सामाजिक न्याय परिसर में राजपूत आध्यात्मिक मंडल उज्जैयनी द्वारा आयोजित 27वां श्री रामचरितमानस वार्षिक पारायण समारोह संपन्न हुआ। राजेश सिंह कुशवाह ने बताया कि 27 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ यह श्री रामचरितमानस का अनुष्ठान आज निरंतर चल रहा है। महामण्डलेश्वर स्वामी सांदीपेद्र गिरी महाराज के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी में संस्कार और आध्यात्मिक शिक्षा का विकास करना है। दो दिवसीय इस समारोह में श्री मायापती हनुमान मंदिर परिसर में श्री रामचरितमानस के अखण्ड पाठ की पूर्णाहुति पर पंच कुंडीय यज्ञ में 101 जोड़ों द्वारा 11001 आहुति दी गई। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। आभार केही सिंह राजावत ने व्यक्त किया।

25को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे ब्रह्म कन्वेंशन सेंटर का शुभारंभ

उज्जैन। अपनी स्थापना के साथ ही आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने के साथ ही समाज सेवा के दायित्व को बखूबी निभा रहा है। यह बात आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वीके महाडिक ने कॉलेज की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। डॉ. महाडिक ने बताया कि आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज एवं उससे संबद्ध अस्पतालों ने स्थापना से अभी तक एक करोड़ 20 लाख से अधिक मरीजों का उपचार किया है। जिसमें अधिकांश ग्रामीण हैं। कॉलेज द्वारा प्रतिवर्ष 155 करोड़ से अधिक की नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मालवा के गरीब वंचित और जरूरतमंद लोगों को प्रदान की गई है। आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, नेत्र रोग, शल्य चिकित्सा, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सहित त्वचा रोग, श्वसन रोग, जनरल सर्जरी, जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। डॉ.महाडिक ने बताया कि सामाजिक दायित्व के तहत 60 गांव जिनकी जनसंख्या 92 हजार है को गोद लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। डॉ.महाडिक ने बताया कि आगामी 25 तारीख को कॉलेज में नाद ब्रह्म कन्वेंशन सेंटर का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। अध्यक्षता डॉ. सत्यनारायण जटिया करेंगे। डॉ. कुमार प्रभाष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पत्रकार वार्ता में प्रोफेसर डॉ. मंगल, डॉ. राठौड़ सहित डीन डॉ. मिलिंद शिरालकर, डॉ. सुधीर गवारीकर आदि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री कृषि आधारित उद्योग की स्थापना करें

महिदपुर। महिदपुर तहसील में बैरोजगारी के कारण क्षेत्र के किसान, मजदूर, नौजवान रोजगार के अभाव में मजबूरीवश पलायन करने के लिये विवश व लाचार होकर क्षेत्र से रोजगार की तलाश में बाहर जाने को मजबूर है। उदरपूर्ति व रोजगार के अवसर की तलाश में शिक्षित, किसान, कृषि मजदूर पलायन करने को विवश हो रहा है। क्षेत्र का नागरिक रोजगार के अभाव में भटक रहा है। क्षेत्र में लाचारी, मजबूरी व बैरोजगारी समाप्त करने क्षेत्र में कृषि आधारित उत्पादन पर वृहद पैमाने पर उद्योग स्थापित किया जावे ताकि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन हो सके जिससे क्षेत्र की माली हालात में सुधार होकर बिखरे हुए संगठित व असंगठित क्षमिकों को रोजगार के अवसर उत्पन्न हो सके तथा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो सके। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नवलखा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से क्षेत्र के माली हालत में सुधार रोजगार के अवसर उत्पन्न करने हेतु कृषि पर आधारित वृहद उद्योग स्थापित करने की मांग की है।

बसंत पंचमी शुरू – वैष्णव मंदिरों में सुबह की आरती में ठाकुरजी को अबीर-गुलाल अर्पित करेंगे

आज बसंत पंचमी से उज्जैन में 40 दिवसीय होली, महाकाल को चढ़ेगा गुलाल

नवभारत न्यूज

उज्जैन। बसंत पंचमी पर आज शुक्रवार को परंपरा अनुसार उज्जैन में 40 दिनी होली उत्सव की शुरुआत होती है। इसलिए सबसे पहले भगवान महाकाल को पुजारी सुबह की आरती में बसंत के पीले फूलों के साथ गुलाल अर्पित करेंगे। वहीं वैष्णव मंदिरों में भी सुबह की आरती में ठाकुरजी को अबीर-गुलाल लगाया जाएगा।

महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर भगवान महाकाल का केसर युक्त पंचामृत से अभिषेक-पूजन किया जाएगा। पीले रंग के वस्त्रों और बसंत के फूलों से शृंगार होगा। तड़के 4 बजे भस्मारती

में बसंत उत्सव मनेगा। इसके साथ ही होली उत्सव की शुरुआत हो जाएगी। विठ्ठल नागर ने बताया कि उज्जैन में वैष्णवों के प्रमुख मंदिरों में ढाबा रोड पर श्री नाथ जी की हवेली, कार्तिक चौक में गोवर्धन नाथ जी की हवेली व महाप्रभुजी की बैठक शामिल है जहां होली व फाग उत्सव मनते हैं और हजारों वैष्णव भक्त भगवान के संग होली खेलने के लिए मंदिरों में उमड़ते हैं।

इधर मंगलनाथ मार्ग पर सांदीपनि आश्रम में बसंत पंचमी पर भगवान श्रीकृष्ण का केसर युक्त जल से अभिषेक कर पीले वस्त्र धारण कराए जाएंगे। पुजारी राहुल व्यास ने बताया कि केसरिया भात का भोग लगाकर सरसों के पीले फूल और वासंती गुलाल अर्पित किए जाएंगे। भगवान श्रीकृष्ण ने यहां शिक्षा ग्रहण की थी। इसी परंपरा के चलते पहली बार विद्या अध्ययन की शुरुआत करने वाले बच्चों का पाट (स्लेट) पूजन बसंत पंचमी के पर्व पर यहां किया जाता है।

अभिनेता आशुतोष राणा महाकाल आए, गर्भगृह के बाहर से किए दर्शन

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल के दर्शन करने भी पहुंचे। राणा ने पहले गर्भगृह के बाहर से दर्शन किए इसके बाद कुछ देर नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल का ध्यान लगाया। राणा ने इस दौरान मीडिया से कहा कि महाकाल का दरबार दिव्य है और उन्होंने जीवन में जो कुछ भी दिया, वह अद्भुत है। उन्होंने मंदिर की दर्शन व्यवस्था की भी सराहना की। मंदिर प्रबंध समिति ने उनका स्वागत किया।